आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 30.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के आपदा प्रभावित रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी जिलों में सभी मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।
- हरिद्वार की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने सकौती गांव में ग्रामोत्थान– रीप परियोजना के तहत प्रस्तावित ''सड़क किनारे सुविधाएं'' के निर्माण के लिए भूमि का मुआयना किया।
- मसूरी में आयोजित विधिक जागरुकता शिविर में लोगों को कानूनी अधिकारों और न्याय पाने के विकल्पों समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।
- पौड़ी जिले में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को 80 पोल्ट्री यूनिट वितरित की गईं।

आपदा राहत कार्य

प्रदेश के आपदा प्रभावित रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी जिलों में आई आपदा के बाद सभी मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए तेज गति से कार्य किए जा रहे हैं। रुद्रप्रयाग जिले के बसुकेदार क्षेत्र– बड़ेथ डुंगर तोक में अतिवृष्टि के कारण मलबा आने से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। सभी प्रभावित जिलों में शासन–प्रशासन की ओर से प्रभावितों को हरसंभव सहायता देने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने सहित अन्य सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके मद्देजनर सभी जिलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

आपदा निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले में पाबौ ब्लॉक के मणकोली और फल्द्वाडी में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावितों को चेक भी वितरित किए। डॉ. रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित किसी भी परिवार को बिजली, पानी और राशन की समस्या न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपदा से जुड़े मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

भूमि मआयना

हरिद्वार की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने नारसन विकासखंड के सकौती गांव में ग्रामोत्थान– रीप परियोजना के तहत प्रस्तावित वे साइड अमीनिटीज यानी सड़क किनारे सुविधाएं के निर्माण के लिए भूमि का भौतिक मुआयना किया। मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना से जुड़े सभी प्रमुख हितधारकों के साथ एक बैठक भी की।

बैठक में संबंधित अधिकारियों ने परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और इसे समय पर पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खोलेगी और स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गौरतलब है कि ग्रामोत्थान– रीप परियोजना, ग्रामीण विकास और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प और अन्य उत्पादों के विपणन के लिए स्थायी आउटलेट्स स्थापित किए जाएंगे। ये आउटलेट्स महिला समूहों को अपने उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद करेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी।

<u>अजय भट्ट</u>

नैनीताल–ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल में हुए अग्निकांड के दौरान फायर हाइड्रेंटों से तत्काल पानी न मिलने की समस्या पर कुमाऊं आयुक्त को आदेश दिए हैं कि वह हाइड्रेंट के पानी के लिए अलग से पेयजल लाइन का प्रस्ताव बनाकर भेजें। इस संबंध में उत्तराखंड जल संस्थान की ओर से बताया गया है कि फायर हाइड्रेंट के संयोजन पेयजल लाइन के टैंक से ही होती है। जब अग्निकांड की घटना हुई तब पेयजल की लाइन में चल रही कटौती के कारण पानी नहीं था। इसे चालू करने में समय लग गया। ऐसे में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि एक ही लाइन से पेयजल वितरण और आग बुझाने के लिए प्रयोग से दुर्घटना के समय दिक्कतें आ रही हैं। जल संस्थान व दमकल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे हर पखवाड़े नियमित रूप से हाइड्रेंट की जांच करें। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी से जांच करन, घटना के कारणों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष रखने और जरूरी होने पर मजिस्ट्रेटी जांच कराने की बात भी कही।

<u>एमडीडीए कार्रवाई</u>

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण ने देहरादून में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कई स्थानों पर अवैध प्लॉटिंग और निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने के साथ ही एक बहुमंजिला इमारत को सील किया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने आईटी पार्क, हेली पैड रोड, सहस्त्रधारा रोड पर अवैध बनी बहुमंजिला इमारत पर सीलिंग की कार्यवाही की। इस संबंध में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार, प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य लोगों को सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वच्छ शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जो लोग नियमों का उल्लंघन कर अवैध निर्माण कर रहे हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे केवल स्वीकृत और वैध नक्शों के आधार पर ही निर्माण कार्य करें।

## विधिक जागरुकता शिविर

देहरादून जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तहसील विधिक सेवा समिति, मसूरी के संयुक्त तत्वावधान में मसूरी में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मसूरी के सिविल जज मनोज सिंह राणा ने कहा कि जागरूकता शिविर का मूल उद्देश्य आम जनता, विशेषकर समाज के वंचित व कमजोर वर्गों को उनके क़ानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और न्याय पाने के विकल्पों के प्रति सजग करना है। उन्होंने यह भी बताया गया कि कैसे पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क और सक्षम कानूनी सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा या न्याय से जुड़ी शिकायत के लिए तहसील विधिक सेवा समिति से संपर्क किया जा सकता है। समिति शिकायत का निस्तारण कर अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल जागरूकता का माध्यम है, बल्कि सामाजिक बदलाव की ओर एक ठोस कदम है।

## पोल्ट्री यूनिट

पौड़ी जिले में बीरोंखाल विकासखंड के पशु चिकित्सालय बीरोंखाल और पशु चिकित्सालय चौखाल में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को विशेष घटक योजना 2025–26 के अंतर्गत 80 पोल्ट्री यूनिट वितरित की गयी। इसके अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 50 चूज़े, दाने और जाली सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को पोल्ट्री पालन के रख–रखाव, पोषण और बीमारियों से बचाव से संबंधित जानकारी देने के साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सालय बीरोंखाल में सिसई, धिसवानी, कोटा व सिंदूरी और चौखाल में मेलधार, पसोल, मासौ व उल्याणी गांव के लोगों को पोल्ट्री यूनिट वितरित की गयी। उन्होंने बताया कि पोल्ट्री पालन जैसे रोजगार के माध्यमों से ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ पोषण स्तर में भी सुधार देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समय–समय पर ग्रामीणों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग दिया जाता है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें।

## आयुष संगोष्ठी

हरिद्वार में आयुष विभाग के तत्वावधान और जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी व पर्यटन अधिकारी के संयोजन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में योग, प्राकृतिक चिकित्सा, वेलनेस, पंचकर्म सेंटर संचालक, होमस्टे और होटल व्यवसायियों के साथ राज्य सरकार की ओर से लागू की गई योग नीति व आयुष नीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुष मिशन हरिद्वार के नोडल अधिकारी डॉ. घनेन्द्र वशिष्ठ ने प्रस्तुतीकरण देते हुए सभी प्रतिभागियों से अपने–अपने केंद्रों का पंजीकरण कराकर, राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने में कहा कि आयुष और पर्यटन के समन्वय से न केवल उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि योग व प्राकृतिक चिकित्सा की परंपराओं को भी वैश्विक पहचान मिलेगी। वक्ताओं ने कहा कि आयुष क्षेत्र में शोध, नवाचार और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर हम उत्तराखंड को वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में और मजबूत कर सकते हैं।

विशेष आयोजन

केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, पिथौरागढ़ ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार विद्यालय, मुवानी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 'खेलो इंडिया' और राष्ट्रीय खेल नीति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस दौरान क्षेत्रीय प्रचार सहायक गोपाल सिंह ने खेलों के क्षेत्र में सरकार की नीतियों की सराहना की। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, बैडमिंटन, खो–खो और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया।